कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 2977 /33–1/दिनांक, हमीरपुर, जून 27 ,2022.

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
महोबा उ0प्र0।

विषयः–पत्यौरा डांडा ग्राम पेयजल योजना के राष्ट्रीय राज्य मार्ग राजकीय मार्ग में संरक्षित वन भूमि पर पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में प्रस्ताव संख्या–FP/UP/Water/152706/2022

सन्दर्भः–मुख्य वन संरक्षक/नोड़ल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ, का पत्रांक–3698/11–सी–FP/UP/Water/152706/2022/ दिनांक 23.06.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ ने अपने सन्दर्भित पत्र के माध्यम से आपत्ति करते हुये वृक्षारोपण ब्रिकगार्ड के स्थान पर अवनत वनभूमि वन ब्लाक में स्थल का चयन कर क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये है। उनके निर्देशों के अनुपालन में कुनेहटा वन ब्लाक में सकल क्षेत्रफल 10 हे0 शुद्ध क्षेत्रफल 9.728 हे0 का चयन कर के0एम0एल0 फाइल इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि चयनित क्षेत्र के टोपोशीट एवं जी0आई0एस0 मैप तैयार कराकर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः प्रस्ताव ऑन लाइन वापस करते हुये आपसे अपेक्षा की जाती है कि किसी कार्य दिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि को भेजकर प्रस्ताव की समस्त प्रतियॉ कार्यालय नोडल अधिकारी लखनऊ से प्राप्त कर लें एवं चयनित वन क्षेत्र की टोपोशीट एवं जी0आई0एस0 मैप तैयार कराकर 6 प्रतियों में ऑन लाइन सहित प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि नोडल अधिकारी द्वारा की गयी आपत्तियों का निराकरण करते हुये प्रस्ताव अग्रेसित किया जा सके।

संलग्नकः–के0एम0एल0 फाइल ई–मेल द्वारा।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर

पृष्ठांकन संख्या............................/अ/समदिनांकित।

प्रतिलिपि–वन संरक्षक महोदय चित्रकूटधाम वृत्त उ0प्र0 बॉदा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।